श्री बंशीधर नगर गुरुवार
21.05.2026
अधिक ज्येष्ठ शुक्लपक्ष पंचमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 267

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:19 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 24 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
गढ़वा जिले की दवा मंडियों में पसरा सन्नाटा >> पेज 03
कान्स 2026 में छाईं अदिति राव हैदरी >> पेज 05

## सुविचार

अपनी अंतरात्मा पर भरोसा रखें। आपकी गलतियां किसी और की होने के बजाय आपकी अपनी होनी चाहिए

## न्यूज अपडेट्स

### साइप्रस के राष्ट्रपति 23 तक भारत दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस 20 से 23 मई तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। उनके साथ उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा, जिसमें साइप्रस के विदेश मंत्री डॉ. कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस, परिवहन, संचार एवं निर्माण मंत्री एलेक्सिस वाफेएड्स, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापार जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस का वर्तमान पद पर यह पहला भारत दौरा होगा। यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी की पिछले साल 15-16 जून को हुई साइप्रस यात्रा के एक वर्ष के भीतर हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी की वह यात्रा दो दशक से अधिक समय बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली साइप्रस यात्रा थी। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब साइप्रस यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभाल रहा है, जिससे इस यात्रा का महत्व और बढ़ गया है। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, संस्कृति, मोबिलिटी, रक्षा एवं सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), फिनटेक, नवाचार और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों सहित बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श करेंगे।

**रोम** ► भारत-इटली संबंधों को और मजबूत बनाने को लेकर गहन विचार-विमर्श

# पीएम मोदी इटली पहुंचे, जॉर्जिया मेलोनी से डिनर पर मुलाकात





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने छह दिवसीय पांच देशों के विदेश दौरे के अंतिम चरण में कल रात इटली की राजधानी रोम पहुंचे जहां इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया और इस मौके पर दोनों नेताओं ने भारत-इटली संबंधों को और मजबूत बनाने को लेकर अनौपचारिक रूप से गहन विचार-विमर्श किया।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इटली पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत विशेष अंदाज में किया और उनके साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, मेरे दोस्त, रोम में आपका स्वागत है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि रोम पहुंचने पर उन्हें प्रधानमंत्री मेलोनी से डिनर पर मिलने और कोलोसियम का दौरा करने का अवसर मिला। कई विषयों पर विचार साझा किए गए और आज होने वाली वार्ता में भारत-इटली मित्रता को और बढ़ाने पर चर्चा जारी रहेगी।

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने इटली में भारतीय समुदाय से भी मुलाकात की। उन्होंने एक अन्य पोस्ट मे इसकी जानकारी देते हुए लिखा किभारतीय समुदाय द्वारा रोम में दिए गए गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए मैं अत्यंत आभारी हूं। उनका भारत के प्रति गहरा स्नेह और भारत-इटली संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता सराहनीय है। भारतीय प्रवासी दुनिया भर में हमारे राष्ट्र को गौरवान्वित करते हैं। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने इटली के प्रसिद्ध चित्रकार जियाम्पाओलो टोमासेट्टी से भी मुलाकात की। उन्होंने काशी पर आधारित उनकी पेंटिंग देखी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि रोम में काशी की झलक। टोमासेट्टी का भारतीय संस्कृति के प्रति लगाव चार दशक पुराना है। उन्होंने 1980 के दशक में वैदिक संस्कृति पर आधारित पुस्तकों के लिए चित्रण किया और 2008 से 2013 के बीच महाभारत पर आधारित 23 बड़ी पेंटिंग्स तैयार कीं। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि रोम में भारतीय नृत्य के प्रति उत्साही पांच इतालवी कलाकारों स्वामिनी आत्मानंद गिरी, मार्टिना मीनाक्षी आगार्दा, लुक्रेज़िया मैनिस्कोटी, वलेरिया वेस्पाजियानी और रोसेला फनेलीने त्रिगलबंदी प्रस्तुत किया, जिसमें कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम और कथक शामिल थे। उन्होंने लिखा कि यह देखना अद्भुत है कि भारतीय नृत्य शैलियां वैश्विक स्तर पर रुचि और आकर्षण का केंद्र बन रही हैं।

## प्रधानमंत्री को रोम में मिला प्रतिष्ठित 'एग्रीकोला मेडल'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज रोम में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (ईफएओ) के मुख्यालय में संगठन की ओर से वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित 'एग्रीकोला मेडल' प्रदान किया गया। यह पुरस्कार भारत और वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा, सतत कृषि और ग्रामीण विकास के मुद्दों को संबोधित करने में उनके असाधारण नेतृत्व की पहचान के रूप में दिया गया। प्रधानमंत्री ने यह पुरस्कार ईफएओ के महानिदेशक डॉ. क्यू डोंग्यू से प्राप्त किया। उन्होंने इस सम्मान को भारतीय किसानों और भारतीय कृषि वैज्ञानिक समुदाय को समर्पित किया, जो भारतीयों और दुनिया भर के लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा और पोषण सुनिश्चित करने हेतु अथक परिश्रम करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सम्मान मानव कल्याण, खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को एक श्रद्धांजलि है। भारत में कृषि-आधारित जीवन की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि कृषि 'धरती माँ' और भारतीय लोगों के बीच एक पवित्र बंधन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेती के प्रति भारत का वैज्ञानिक और नवाचार-आधारित दृष्टिकोण एक सतत, जलवायु-लचीला और भविष्य के लिए तैयार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है। इस प्रयास में, उन्होंने बताया कि 'प्रति बूंद अधिक फसल' जैसी पद्धतियाँ और सूक्ष्म-सिंचाई तथा सटीक खेती के प्रति मिशन-आधारित दृष्टिकोण हमारी कृषि नीतियों को दिशा प्रदान कर रहे हैं।

## मोदी ने जार्जिया मेलोनी को गिफ्ट की मेलोडी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने इटली दौरे पर प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को खास तोहफे के रूप में मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। मेलोनी ने इसका वीडियो एक्स पर शेयर किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। मेलोनी ने स्वयं अपने एक्स अकाउंट पर इस मुस्कुराहट भर देने वाले वीडियो को साझा किया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी मालोनी को गिफ्ट देते दिखाई दे रहे हैं और बदले में मालोनी लिखती हैं- इस उपहार के लिए धन्यवाद। मेलोडी शब्द इटली की प्रधानमंत्री की ओर से दोनों देशों के घनिष्ठ संबंधों को रेखांकित करते हुए बनाया गया है। इसमें उन्होंने अपने और प्रधानमंत्री मोदी के नाम को जोड़ा है। इससे पहले वे तीन बार प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए हैशटेग मेलोडी का प्रयोग कर चुकी हैं। भारतीय जनता पार्टी ने इसे प्रधानमंत्री की हास्यशैली का हिस्सा बताया है। भारत में मेलोडी चॉकलेट टॉफी अपने एक पुराने इश्तिहार के कारण काफी ख्यातिप्राप्त है। उसका वे वाक्य कि मेलोडी इतनी चॉकलेटी क्यों हैं, मेलोडी खाओ खुद जान जाओ आज भी बहुत से लोगों को याद है।

**भारत-इटली आपसी संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमत**

# द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने का फैसला



**रोम।** भारत और इटली ने अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने के साथ ही व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, रक्षा, समुद्री अर्थव्यवस्था, कनेक्टिविटी, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने तथा द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जोर्जिया मेलोनी के बीच प्रतिष्ठित विला डोरिया पैम्फिली में बुधवार को हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों देशों ने परस्पर सहयोग के 15 करार किये जिनमें व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, रक्षा, समुद्री अर्थव्यवस्था, कनेक्टिविटी, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों को प्रगाढ बनाने के उपायों के समझौते शामिल हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। बैठक से पहले प्रधानमंत्री मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि दोनों नेताओं ने वार्ता के दौरान भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की और साझा हित के वैश्विक मुद्दों पर मिलकर काम करने पर सहमति जताई। एक महत्वपूर्ण निर्णय में, दोनों पक्षों ने भारत-इटली संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों देशों के बीच सहयोग को अधिक सार्थक बनाने के लिए दोनों देश अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी तक उन्नत करने पर सहमत हुए हैं। आधुनिक तकनीक से जुड़े संयुक्त विकास सुविधाओं को बढ़ाने के लिए दोनों देशों ने रक्षा औद्योगिक रोड मैप तैयार किया है। दोनों देश दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा मनी लॉन्ड्रिंग और आतंक के वित्त पोषण और कर अपराधों को रोकने के लिए परिवर्तन एजेंसियां सहयोग करेंगी। भारत और इटली 2027 को संस्कृति और पर्यटन के वर्ष के रूप में मनायेंगे। भारतीय नर्सों को इटली में रोजगार के अवसर प्रदान करने और हेल्थ केयर सहयोग को बढ़ाने पर दोनों देश सहमत हुए हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स लोथल (गुजरात), उच्च शिक्षा और समुद्री ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के विकास, कृषि, समुद्री उत्पाद, आयुर्वेद तथा मौसम और जलवायु परिवर्तन को लेकर भी दोनों देशों के बीच में समझौता हुआ है। साथ ही एलेट्रा में सिंक्रोट्रोन विकिरण सुविधा में भारतीय शोधकताओं को पहुंच प्राप्त होगी। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त वक्तव्य भी दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मेलोनी के नेतृत्व में भारत-इटली संबंधों को नई गति, नई दिशा और नया आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-2029 दोनों देशों की साझेदारी को व्यावहारिक और भविष्य उन्मुख ढांचा प्रदान करती है तथा इस पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जा रहा है।

# झारखंड में एक साथ 201 डीएसपी का तबादला, हटिया डीएसपी बने नीरज कुमार




**रांची।** झारखंड के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने बुधवार को एक साथ 201 डीएसपी का तबादला किया है। रांची में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर नए डीएसपी योगदान देंगे। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। तबादले की लिस्ट में कई ऐसे डीएसपी हैं, जो लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित थे। विभाग ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, कई पुलिस पदाधिकारी ऐसे भी हैं, जो काफी समय से पोस्टिंग के इंतजार में थे, उन सभी को पोस्टिंग दी गई है। तबादला किये गये अधिकारियों में नीरज कुमार को डीएसपी, हटिया (रांची), दीपक कुमार को डीएसपी, बेड़ो (रांची), मनीष चंद्र लाल को डीएसपी, सिल्ली (रांची), अजय आर्यन को मुख्यालय 2, रांची रामाकांत रजक को ट्रैफिक 1, रांची, ताराश सोरेन को यातायात 2, रांची, प्रदीप कुमार को डीएसपी (साइबर), रांची, प्रकाश सोय को डीएसपी (विधि व्यवस्था), धनबाद, कुमार विनोद को डीएसपी (मु0 1), धनबाद, प्रदीप कुमार साव को डीएसपी, सीसीआर, धनबाद, नाजीर अख्तर को डीएसपी (मु0 2), धनबाद, रोहित कुमार साव को डीएसपी (यातायात), धनबाद, अजित कुमार विमल को एसडीपीओ, बाघमारा, लिलेश्वर महतो को एसडीपीओ, निरसा, प्रकाश चन्द्र महतो को एसडीपीओ, सिंदरी, राजीव रंजन को सिटी डीएसपी, बोकारो, अजय प्रसाद को ट्रैफिक डीएसपी, बोकारो, पवन कुमार को डीएसपी (मु0), बोकारो, राम प्रवेश कुमार को सीसीआर, बोकारो, रविन्द्र कुमार सिंह को एसडीपीओ, बेरमो, दयानन्द कुमार को डीएसपी, पटमदा, संजीव कुमार को डीएसपी (नगर), जमशेदपुर, मनोज कुमार को डीएसपी (मु0 2), जमशेदपुर, सुमित कुमार को डीएसपी (विधि व्यवस्था), जमशेदपुर, विकास आनंद लागुरी को एसडीपीओ, घाटशिला, अनुभव भारद्वाज को एसडीपीओ, सरायकेला, दूसरू बानसिंह को डीएसपी (मु0), सरायकेला शिव प्रकाश कुमार को एसडीपीओ, चांडिल, अमित कुमार को एएसपी (अभियान), हजारीबाग, रूपक कुमार सिंह को एसडीपीओ (सदर), हजारीबाग, अरमानुल हक को सीसीआर, हजारीबाग, ज्ञान रंजन को डीएसपी (मु0 2), हजारीबाग, फैजान अहमद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिष्णुगढ़, राधा प्रेम किशोर को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही, सुनील कुमार सिंह डीएसपी, चतरा सहित अन्य का नाम शामिल है।

### न्यूज अपडेट्स

## रांची फायरिंग कांड के मुख्य आरोपित सोनू यादव पटना से गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची के पंडरा थाना क्षेत्र स्थित तेल मील गली में हुए चर्चित फायरिंग कांड में रांची पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपित सोनू यादव को बिहार की राजधानी पटना से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित कई महीनों से पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस के अनुसार बीते 19 जनवरी को पंडरा इलाके में 55 लाख रुपये के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद ने बाद में हिंसक रूप ले लिया और आकाश सिंह तथा विकास सिंह पर गोली चला दी गई थी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच शुरू की थी। फायरिंग की घटना के बाद से ही पुलिस मुख्य आरोपित सोनू यादव की तलाश में जुटी हुई थी। उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। जांच के दौरान पुलिस को यह भी जानकारी मिली थी कि आरोपित राज्य से बाहर छिपकर रह रहा है। इसी बीच रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली कि सोनू यादव पटना में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया और बिहार में दबिश बढ़ाई। सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने बिहार के बिहटा इलाके में छापेमारी कर सोनू यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रांची लाया गया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

### लिज्जत पापड़ मॉडल महिला सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण

# विकेन्द्रित उत्पादन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलती है मजबूतीः कल्पना

**रांची।** झारखंड के गांडेय विधानसभा क्षेत्र की विधायक कल्पना सोरेन ने महिलाओं की सामूहिक शक्ति, आत्मनिर्भरता और सहयोग की भावना को रेखांकित करते हुए बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक विचारोत्तेजक संदेश साझा किया। अपने पोस्ट में उन्होंने संघे शक्ति कलियुगे की अवधारणा का उल्लेख करते हुए प्रसिद्ध सहकारी संस्था श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ को महिला सशक्तिकरण का जीवंत और प्रेरणादायक उदाहरण बताया।



उन्होंने कहा कि लिज्जत पापड़ केवल एक व्यावसायिक संस्था नहीं, बल्कि महिलाओं के सामूहिक प्रयास, आत्मविश्वास और आर्थिक स्वावलंबन का सफल आंदोलन है, जिसने लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। कल्पना सोरेन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति के महाराष्ट्र एक्सपोजर विजिट के दौरान उन्हें मुंबई स्थित डब्बावाला इंटरनेशनल एक्सपीरियंस सेंटर जाने का अवसर मिला। लगभग 135 वर्षों से अपनी मेहनत, अनुशासन, समयबद्धता और उत्कृष्ट सेवा के लिए विश्वभर में पहचान बना चुके मुंबई के डब्बावालों की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझना बेहद प्रेरणादायक अनुभव रहा।

उन्होंने लिखा कि सीमित संसाधनों के बावजूद जिस प्रकार डब्बावाले सामूहिक समन्वय और अनुशासन के बल पर प्रतिदिन लाखों लोगों तक भोजन पहुंचाने का कार्य करते हैं, वह संगठन शक्ति और कार्य संस्कृति का अनूठा उदाहरण है। अपने संदेश में विधायक ने कहा कि लिज्जत पापड़ केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त आंदोलन है, जिसने लाखों महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका, आत्मनिर्भरता और सामाजिक पहचान दिलाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सहकारी मॉडल समाज में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लाने की बड़ी क्षमता रखते हैं। सामूहिक भागीदारी और साझी जिम्मेदारी पर आधारित यह मॉडल महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास भी पैदा करता है। कल्पना सोरेन ने विशेष रूप से डिस्ट्रिब्यूटेड प्रोडक्शन यानी विकेन्द्रित उत्पादन प्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मॉडल महिलाओं को अपने घर या स्थानीय स्तर पर रहकर काम करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे वे पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी सशक्त बन पाती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में इस प्रकार की व्यवस्था महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है, क्योंकि इससे उन्हें रोजगार के लिए घर छोड़कर दूर शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक कौशल और घरेलू उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा।

विधायक ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए गृह एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना समय की बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि लिज्जत पापड़ जैसे सफल सहकारी मॉडल को हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, वन उत्पाद, बांस उद्योग और अन्य लघु उद्योग क्षेत्रों में भी लागू किया जाना चाहिए।

उनके अनुसार यदि महिलाओं को प्रशिक्षण, बाजार और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए तो वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कल्पना सोरेन ने सरकार, स्वयंसेवी संस्थाओं और निजी क्षेत्र से इस दिशा में समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि सहकारी मॉडल और महिला समूह आधारित उत्पादन प्रणाली को व्यवस्थित तरीके से बढ़ावा दिया जाए, तो ग्रामीण परिवारों को स्थायी और सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराई जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति भी हैं। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो द्वारा संसदीय समितियों के पुनर्गठन के दौरान उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी। समिति के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और ग्रामीण समाज से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न राज्यों के सफल मॉडलों का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि झारखंड में भी उन्हें लागू करने की दिशा में पहल की जा सके।

## रांची टेंडर घोटाला मामलाः ईडी केस में आरोपित इंजीनियर सिद्धांत कुमार ने किया आत्मसमर्पण, मिली जमानत

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर घोटाले से जुड़े धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में आए अधिशाषी अभियंता सिद्धांत कुमार ने बुधवार को रांची सिविल कोर्ट स्थित पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के तुरंत बाद अदालत ने उन्हें राहत देते हुए सशर्त जमानत प्रदान कर दी। अदालत ने जमानत देते हुए शर्तें लागू कीं, जिनमें एक लाख रुपये का निजी मुचलका, पासपोर्ट जमा करना तथा अदालत की पूर्व अनुमति के बिना देश से बाहर न जाने का निर्देश शामिल है। इसके साथ ही उन्हें जांच एजेंसियों के साथ सहयोग बनाए रखने की भी अपेक्षा की गई है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत टेंडर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरती गईं। जांच एजेंसी के अनुसार, ठेके के आवंटन में नियमों की अनदेखी, मिलीभगत और कमीशनखोरी के जरिए बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दिया गया, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा। ईडी ने इस मामले में पहले ही कई अधिकारियों और ठेकेदारों को जांच के दायरे में लिया है। हाल ही में एजेंसी ने प्रमोद कुमार सहित कुल 14 आरोपितों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र (सप्लीमेंट्री चार्जशीट) दाखिल किया था, जिसके बाद अदालत ने सभी आरोपितों को समन जारी किया था। यह मामला नया नहीं है। ईडी ने वर्ष 2023 में पहली बार इस कथित घोटाले को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई इंजीनियरों और ठेकेदारों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। उस दौरान दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय लेन-देन से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए थे। इसके बाद 6 मई 2024 को दूसरी बड़ी कार्रवाई की गई, जिसमें कई अभियंताओं और ठेकेदारों के परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया गया। जांच एजेंसी का कहना है कि इस दौरान भी कई महत्वपूर्ण वित्तीय दस्तावेज और लेन-देन के सुराग मिले हैं, जिनका विश्लेषण जारी है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद इस मामले में कई अन्य आरोपित भी अदालत में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इनमें से अधिकांश को शर्तों के साथ जमानत मिल चुकी है। कानूनी प्रक्रिया के तहत सभी आरोपितों से पूछताछ और दस्तावेजी जांच आगे बढ़ाई जा रही है। फिलहाल यह मामला जांच के अधीन है और ईडी द्वारा इसकी गहन छानबीन की जा रही है। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि टेंडर आवंटन प्रक्रिया में किन-किन स्तरों पर अनियमितताएं हुईं और इसमें किन लोगों की भूमिका रही।

## रांची में महिला से छिनतई कर चाकू मारने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में महिला से छिनतई के दौरान चाकू मारकर घायल करने की घटना में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद अली उर्फ सुफियान अली और अब्बू रेहान उर्फ आर्यन के रूप में हुई है। नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा ने बुधवार को बताया कि 30 अप्रैल को अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू स्थित पटेल चौक के पास बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने एक महिला पर चाकू से हमला कर मोबाइल फोन लूट लिया था। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

### झारखंड में भीषण गर्मी का कहर : कई जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार

# डालटनगंज सबसे गर्म, पाकुड़ का मौसम रहा सुहाना

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में पिछले एक सप्ताह से तेज धूप, गर्म हवाओं और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे दिन के समय सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य के पलामू, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इनमें डाल्टनगंज राज्य का सबसे गर्म इलाका रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। लगातार बढ़ते तापमान और तीखी धूप के कारण लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जहां राज्य के अधिकांश जिले भीषण गर्मी से झुलसते रहे, वहीं पाकुड़ जिले का मौसम अपेक्षाकृत सुहाना बना रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान यहां अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच केवल चार डिग्री का अंतर दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा।



मौसम विभाग के अनुसार, पाकुड़ में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य में जहां दिन के समय भीषण गर्मी बनी रही, वहीं कुछ इलाकों में रात के तापमान में अपेक्षाकृत गिरावट दर्ज की गई। रांची के नामकुम क्षेत्र में सबसे कम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे रात और सुबह के समय लोगों को कुछ राहत महसूस हुई।

भीषण गर्मी के बीच राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांधा क्षेत्र में सबसे अधिक 14.4 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा सरायकेला, रामगढ़ और बहरागोड़ा क्षेत्रों में भी हल्की बारिश हुई।

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि स्थानीय स्तर पर बनी मौसमी परिस्थितियों के कारण कुछ इलाकों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने की स्थिति बनी हुई है, हालांकि इससे तापमान में व्यापक गिरावट नहीं आई है।

बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही मौसम साफ रहा और तेज धूप निकलने के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। दिनभर उमस भरा वातावरण बना रहा, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई।

रांची में अधिकतम आर्द्रता 88 प्रतिशत दर्ज की गई, जिसके कारण तापमान अपेक्षाकृत कम होने के बावजूद गर्मी अधिक महसूस हुई। शहर में दोपहर के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम देखी गई और कई जगहों पर लोग गर्मी से बचने के लिए छांव और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते नजर आए।

मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री और न्यूनतम 27.7 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 42.4 डिग्री और न्यूनतम 27.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 39.5 डिग्री और न्यूनतम 29.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



# गायत्री मंदिर में गूंजी सुंदरकांड की चौपाईयां, उमड़े श्रद्धालु

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** कल्याणपुर स्थित मां गायत्री मंदिर प्रांगण में प्रभु श्रीराम और वीर हनुमान की कृपा से 594 वें अखंड साप्ताहिक मंगलवारीय संगीतमय दिव्य श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन संपन्न हुआ। मानस मंडली गढ़वा द्वारा आयोजित इस दिव्य धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत शाम साढ़े छह बजे से हुई। इस दौरान मंडली के वरिष्ठ सदस्यों और मानस विभूतियों के समवेत स्वर में जब श्री हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और भगवान शिव के प्रिय श्री रुद्राष्टकं पाठ का सस्वर गायन शुरू हुआ, तो पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा और संपूर्ण क्षेत्र में पवित्रता का संचार हो गया। सदर अस्पताल गढ़वा के धीरज पाठक की मुख्य देखरेख और संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति का ऐसा सैलाब उमड़ा कि विभिन्न क्षेत्रों से आये लगभग 400 से अधिक मानस भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भक्तों की भारी भीड़ ने देर रात तक चले इस संगीतमय अनुष्ठान का भरपूर आनंद लिया और प्रभु की भक्ति में लीन रहे। मौके पर व्यास पीठ से अरुण दूबे, गढ़वा के एसडीएम संजय पांडेय, ब्रजेश पाण्डेय, द्वारिकानाथ पांडेय, अमरेंद्र मिश्र, अशोक पटवा, दिलीप श्रीवास्तव, किशोर ओझा, आत्मा पांडेय, सतीश चौबे, शेखर सिन्हा, मार्कंडेय तिवारी, रघुपत सिंह, अशोक विश्वकर्मा, सतीश धर दूबे, उदय गुप्ता, सुबोध सोनी, संजय सोनी, रमन केशरी, राजेश सिंह, अनुप अग्रवाल, गौतम कुमार, राजीव पांडेय, प्रकाश सिंह, विनोद पाठक, मिथिलेश कुशवाहा, वृन्दा ठाकुर, गुप्तेश्वर चंद्रवंशी, विनोद टोप्पो, श्रीकांत सिंह आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत, दूसरी के दोनों पैर कटे

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज-बरवाडीह रेलखंड के केचकी के समीप स्थित औरंगा नदी पुल पर बुधवार की सुबह पटना से बरकाकाना जाने वाली पलामू एक्सप्रेस (डाउन) ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला के दोनों पैर कट गये हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों महिलाएं रेलवे पुल पार कर रही थीं, इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही डाउन पलामू एक्सप्रेस अचानक पहुंच गई। ट्रेन की रफ्तार अधिक होने के कारण महिलाएं संभल नहीं सकीं और उसकी चपेट में आ गईं। समाचार लिखे जाने तक दोनों महिलाओं की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### चियांकी स्टेशन के पास जख्मी हालत में मिला व्यक्ति

**मेदिनीनगर :** चियांकी रेलवे स्टेशन के पोल संख्या 270/16-17 के पास एक व्यक्ति जख्मी हालत में मिला है। घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे एमएमसीएच लाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल व्यक्ति के पॉकेट से ट्रेन का टिकट भी पाया गया है। वह डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन से रांची जा रहा था।

**विरोध** ऑनलाईन दवा बिक्री के खिलाफ सड़कों पर उतरे केमिस्ट

# गढ़वा जिले की दवा मंडियों में पसरा सन्नाटा

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** दवा व्यवसाय से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों और ऑनलाईन दवा बिक्री की नीतियों के विरोध में बुधवार को गढ़वा जिले के दवा व्यवसायियों का आक्रोश खुलकर सड़कों पर दिखाई दिया। ऑल इंडिया ऑर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एवं झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 20 मई को जिले की सभी दवा दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। इस ऐतिहासिक बंदी के कारण पूरे दिन शहर की मुख्य दवा मंडी में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं दूसरी ओर दवा व्यवसायी केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन करते नजर आये। बंदी के दौरान एकजुटता दिखाते हुये गढ़वा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मझिआंव मोड़ से एक विशाल विरोध मार्च निकाला। यह आक्रोश मार्च शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरते हुये रंका मोड़ और सदर अस्पताल चौक तक पहुंचा। प्रदर्शन के दौरान केमिस्ट सदस्यों ने ऑनलाईन दवा बिक्री को छोटे और स्थानीय दवा दुकानदारों के अस्तित्व पर सीधा हमला बताते हुये सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस विरोध मार्च में जिले भर से आये सैकड़ों दवा व्यवसायी शामिल हुये, जिससे पूरे शहर में आंदोलन की गूंज सुनाई दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष अध्या शंकर पांडेय, सचिव नंदकिशोर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मोहम्मद रुस्तम, कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, संगठन मंत्री अशोक गुप्ता एवं सह सचिव सुरेंद्र कश्यप ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बंदी से पूर्व ही जिले के डीसी, एसपी, एसडीएम और सीएस को लिखित ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की विधिवत सूचना दे दी गई थी। पदाधिकारियों ने कड़े शब्दों में कहा कि ऑनलाईन दवा बिक्री की नीति दवा व्यवसायियों के साथ-साथ आम मरीजों के स्वास्थ्य और हितों के लिये भी बेहद घातक साबित हो रही है। उन्होंने सीधा आरोप लगाया कि सरकार बड़े कॉर्पोरेट घरानों और कंपनियों को अनुचित बढ़ावा देकर वर्षों से अपनी सेवा दे रहे छोटे दुकानदारों को समाप्त करने की दिशा में काम कर रही है। प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुये कहा कि यह आंदोलन केवल गढ़वा तक सीमित नहीं है, बल्कि केंद्रीय संगठन के निर्देश पर पूरे देश के दवा दुकानदार आज अपनी दुकानें बंद रख विरोध जता रहे हैं। केमिस्टों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि यदि सरकार ने उनकी जायज मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और उग्र रूप अख्तियार करेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह 24 घंटे की सांकेतिक बंदी है, लेकिन मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में पूरे भारत के दवा व्यवसायी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को विवश होंगे। बुधवार को गढ़वा की सड़कों पर उतरा यह जनाक्रोश दवा व्यवसायियों की एकजुटता और सरकार के प्रति बढ़ते असंतोष का बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

## नकली और नशीली दवाओं के कारोबार पर लगे रोक : रमेश शुक्ला

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** ऑनलाईन फामेर्सी और नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार के विरोध में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट ऑर्गेनाईजेशन के नेतृत्व में जिलेभर के दवा व्यवसायियों ने एकदिवसीय बंदी कर जोरदार प्रदर्शन किया। बंदी के दौरान दवा दुकानदारों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुये चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और तेज किया जायेगा। बंदी का नेतृत्व संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा ने किया। श्री शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन फामेर्सी के जरिये बड़े कॉरपोरेट घराने भारी छूट देकर नकली और नशीली दवाओं का कारोबार कर रहे हैं। इसका सीधा असर युवाओं पर पड़ रहा है और समाज में गलत संदेश जा रहा है। प्रदेश महासचिव रमेश कुमार शुक्ला ने कहा कि नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार ने लोगों के बीच दवा दुकानदारों की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि छोटे व्यवसायी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे हुये है। पलामू जिला सचिव अमिताभ मिश्रा ने कहा कि यह बंदी सरकार को जगाने का प्रयास है। यदि सरकार अब भी नहीं चेती तो राज्यव्यापी आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जायेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष नितिन आलोक, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, संरक्षक सतीश तिवारी सहित बड़ी संख्या में दवा व्यवसायी मौजूद थे।

### आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार



**रमना :** पुलिस ने पोक्सो मामले में फरार चल रहे आरोपित के खिलाफ बुधवार को कोर्ट के निर्देश पर इस्तेहार चस्पा किया। पुलिस ने आरोपित थाना क्षेत्र के बहियार खूर्द निवासी रहिमतुलाह अंसारी उर्फ रमतुल्लाह अंसारी के घर इश्तेहार चस्पा किया है। साथ ही चौक-चौराहों व आसपास के रास्तों पर इस्तेहार चस्पा कर निर्धारित समय के भीतर न्यायालय अथवा थाना में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि आत्मसमर्पण नहीं करने पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

### ऑनलाईन दवा बिक्री के खिलाफ केमिस्टों का बंद सफल : धर्मेंद्र उपाध्याय




**मेदिनीनगर :** ऑल इंडिया ऑर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर बुधवार को पलामू जिले में ऑनलाईन दवा बिक्री, नकली दवाओं के कारोबार और अनियंत्रित होम डिलीवरी के विरोध में एकदिवसीय सांकेतिक बंद का व्यापक असर देखने को मिला। जिलेभर के दवा व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर आंदोलन को समर्थन दिया। पलामू केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के सचिव धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान केमिस्ट समुदाय ने फ्रंटलाइन हेल्थ सपोर्ट सिस्टम के रूप में कार्य करते हुए घर-घर तक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की थी। इसके बावजूद सरकार ऑनलाईन अवैध दवा कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार जल्द कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और व्यापक बनाया जायेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत प्रसाद जायसवाल ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिना वैध चिकित्सकीय पर्ची के दवाओं की बिक्री मरीजों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है। एसोसिएशन की ओर से बताया गया कि बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा तथा जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से भी दवा व्यवसायियों का व्यापक समर्थन मिला।

### कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति विधिक सहायता से वंचित न रहे : पीडीजे



**मेदिनीनगर :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा की अध्यक्षता में एलएडीसी की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में एलएडीसी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, पात्र लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा लंबित मामलों के त्वरित एवं संतोषजनक निष्पादन को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। पीडीजे श्री शर्मा ने कहा कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को न्याय दिलाना न्याय व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति विधिक सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिये। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुये कहा कि मामलों का निष्पादन समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाय, ताकि लाभार्थियों को त्वरित न्याय मिल सके। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन, एलएडीसी चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पाण्डेय, वीर विक्रम, वकस राय, उत्तम कुमार, पुष्कर राज, कुमारी नीतू सिंह तथा कार्यालय सहायक अमित कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**झारखंड कबड्डी प्रीमियर लीग**

# 11 जून से शुरू होगा सीजन-2 का महामुकाबला

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा के खेल इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। जिला मुख्यालय के टाउन हॉल मैदान में पहली बार झारखंड कबड्डी प्रीमियर लीग के पुरुष वर्ग के सीजन-2 का आयोजन होने जा रहा है। आगामी 11 से 14 जून तक चलने वाले इस हाई-प्रोफाईल टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता की सबसे खास बात यह होगी कि इसके सभी मुकाबले रात में दूधिया रोशनी के बीच खेले जाएंगे, जो गढ़वा के खेल प्रेमियों के लिये एक बिल्कुल अनूठा और रोमांचक अनुभव होगा। प्रेसवार्ता के दौरान गढ़वा जिला प्रभारी रामाशंकर सिंह और कबड्डी कोच राहुल शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस चार दिवसीय महाकुंभ में देश के विभिन्न राज्यों से आये चोटी के कबड्डी खिलाड़ियों का समागम देखने को मिलेगा। इस उच्च स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से गढ़वा के स्थानीय खिलाड़ियों को न सिर्फ बड़े स्तर पर खेलने का अनुभव मिलेगा, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की तकनीक को करीब से सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का एक बेहतरीन मंच भी नसीब होगा। यह आयोजन पूरे गढ़वा जिले के लिये गौरव का क्षण है। इस बार का लीग मुकाबला झारखंड की माटी के वीर सपूतों को समर्पित किया गया है। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें खिताब के लिये अपनी ताकत झोंकेंगी, जिनका नामकरण राज्य के महान स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर किया गया है। इसमें नीलाम्बर पीताम्बर फाईटर, तेलंगा खड़िया ब्लास्टर, वीर बुधू भगत टाइगर, कार्तिक उरांव राईनोज, शेख भिखारी हीरोज, सिद्धू कानू वारियर, तिलका मांझी द वारियर और बिरसा मुंडा लायन के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। मौके पर झारखंड कबड्डी प्रीमियर लीग के सचिव रोहित शर्मा, कुणाल कुशवाहा, सुशील तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, राजेश विश्वकर्मा, विक्रम ठाकुर, अजय कांत, सिकंदर सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# गढ़वा जिला पेट्रोल पंप डीलरशिप एसोसिएशन की बैठक, विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा जिला पेट्रोल पंप डीलरशिप एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक रंका मोड़ स्थित एसोसिएशन के महामंत्री आनंद प्रकाश दुबे के अंबालाल पेट्रोल पंप परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अलखनाथ पाण्डेय ने की। बैठक में जिले के विभिन्न पेट्रोल पंप संचालकों ने भाग लिया तथा वर्तमान समय में पेट्रोल पंप संचालकों एवं वहां कार्यरत कर्मचारियों को हो रही समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान पेट्रोल पंप संचालन में आ रही दैनिक चुनौतियों, सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों के कार्य वातावरण, बढ़ते दबाव तथा तकनीकी और प्रबंधन संबंधी परेशानियों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि संगठन की मजबूती ही सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालकों से एकजुट होकर कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर आपसी समन्वय एवं सहयोग के माध्यम से उसका समाधान निकालने की बात कही। एचके पेट्रोलियम गढ़वा के संचालक हनीफ खान ने कहा कि बदलते समय के साथ पेट्रोल पंप व्यवसाय में कई प्रकार की नई चुनौतियां सामने आ रही हैं, जिनसे निपटने के लिये सभी संचालकों का संगठित रहना अत्यंत आवश्यक है। लक्ष्मी पेट्रोल पंप के संचालक ज्ञान केसरी ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा, सुविधा और बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करना भी सभी संचालकों की प्राथमिकता होनी चाहिये। बैठक में बैठक में मारुति नंदन सोनी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समय-समय पर बैठक आयोजित करने तथा पेट्रोल पंप व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को प्रशासन एवं संबंधित विभागों तक पहुंचाने पर भी सहमति जताई। बैठक में आनंद दुबे, ओंकार तिवारी, जैनेंदु कुमार सिंह, एमएन सिंह, मारुति सोनी, चंदन केसरी, अमरेंद्र पांडेय, संजय कुमार सहित जिले के गढ़वा, धुरकी, डंडई, मेराल, श्री बंशीधर नगर, अटौला, मझिआंव, बेलचंपा, रंका, बरडीहा, कांडी, रमना सहित विभिन्न क्षेत्रों के पेट्रोल पंप के संचालक उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बीपीओ ने गुरुगोष्ठी में शिक्षको को दिये कई दिशा निर्देश



**कांडी :** प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी में बुधवार को मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। बीपीओ रवीन्द्र कुमार मेहता के अध्यक्षता में आयोजित गुरुगोष्ठी में शिक्षको को कई दिशा निर्देश दिये गये। बीपीओ ने कहा कि छात्रों और शिक्षकों का ई विद्यावाहनी के माध्यम से प्रतिदिन ऑनलाईन उपस्थिति बनाना अनिवार्य है। अगर किसी विद्यालय से ऑनलाईन उपस्थिति नहीं बनता है तो सीधे कार्रवाई की जायेगी। साथ हीं ई कल्याण पोर्टल पर नव नामांकित बच्चों का डाटा एंट्री करने का निर्देश दिये गये। चिन्हित बच्चों का एमबीयू में डाटा सुधार करने, जे गुरुजी एप पर स्प्लिट सिलेबस पूरा करने, इको क्लब के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण के लिये गड्ढा खोदकर रखने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही पीएम पोषण में बच्चों का शत प्रतिशत आच्छादन पूरा करने का सख्त निर्देश विद्यालय प्रभारी को दिया गया। बीपीओ ने कहा कि विद्यालय भ्रमण के तहत प्रायः यह देखने को मिलता है कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति काफी कम है और उनकी उपस्थिति काफी बढ़ा कर बनाया गया है, यह नहीं चलेगा। वैसे शिक्षक कार्रवाई के लिये तैयार रहें। बैठक में बीआरपी जयप्रकाश लाल, सुनील कुमार, लेखापाल रौशन कुमार तिर्की, सीआरपी धर्मेन्द्र कुमार दुबे, अरुण कुमार, मनोहर चौबे, एमआईएस प्रभारी मनीष कुमार मेहता, आदेशपाल दिनेश कुमार सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## गढ़वा

### बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में डेंटल मोबाईल वैन का उद्घाटन

# एसपी ने युवाओं को दी ट्रैफिक नियमों की सीख

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये सुरक्षित सफर के महत्व को समझाना था। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसपी आशुतोष शेखर, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो एमके सिंह, प्रभारी कुलसचिव डॉ दीपक कुमार शुक्ला और डीएसडब्ल्यू डॉ अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इससे पूर्व छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया, जिसके बाद मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न, पौधा और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने देश में सड़क दुर्घटनाओं के डराने वाले आंकड़े प्रस्तुत किये। उन्होंने बताया कि भारत में हर दिन औसतन 546 लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है और हर तीन मिनट में एक व्यक्ति अपनी जान गंवा देता है। उन्होंने युवाओं से तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की। वहीं कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन की रक्षा का संकल्प है। युवाओं को जागरूक होकर समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना चाहिये, क्योंकि एक सजग नागरिक ही सुरक्षित भारत का निर्माण कर सकता है। एसपी आशुतोष शेखर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और वीडियो क्लिप के जरिये दुर्घटनाओं से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताये। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि 16 से 30 वर्ष के युवा सबसे ज्यादा सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। बंशीधर स्थान में हुई हालिया दुर्घटना का जिक्र करते हुये उन्होंने बताया कि रात के समय होने वाले हादसों की मुख्य वजह शराब पीना, जल्दबाजी और रिफ्लेक्टर्स का न दिखना है। उन्होंने बिना लाईसेंस और बिना प्रशिक्षण के गाड़ी चलाने पर रोक लगाने की बात कही। एसपी ने हिट एंड रन मामलों और झारखंड सरकार की गुड सेमेरिटन नीति-2020 की जानकारी देते हुये लोगों से दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिये आगे आने की अपील की। इसी कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के लिए एक आधुनिक डेंटल मोबाइल वैन का भी उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया। यह वैन ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों तक मुफ्त दंत चिकित्सा, परामर्श और स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाने का काम करेगी। मौके पर परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, शंभू राम सहित विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ पीडी तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी कुलसचिव डॉ दीपक कुमार शुक्ला ने किया।

## ओवरलोड गिट्टी लदा दो हाईवा जब्त



**मेदिनीनगर :** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुबियाखाड़ के चुकड़ु मोड़ पर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुये ओवरलोड गिट्टी लदे दो हाईवा को जब्त किया है। यह कार्रवाई माइनिंग इंस्पेक्टर शुभम कुमार एवं सदर थाना प्रभारी अफजल अंसारी के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार दोनों हाईवा सतबरवा से गिट्टी लोड कर पाटन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जांच अभियान के क्रम में वाहनों की जांच की गई, जहां दोनों हाईवा ओवरलोड पाये गये। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुये दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। जब्त किये गये दोनों हाईवा को सदर थाना परिसर में रखा गया है। पुलिस एवं खनन विभाग द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एआईओसीडी के राष्ट्रव्यापी बंद के समर्थन में पांडू बंद रहीं मेडिकल दुकानें



**पांडू :** ऑल इंडिया आर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के राष्ट्रव्यापी बंद के समर्थन में पांडू प्रखंड के सभी दवा व्यवसायियों ने अपना प्रतिष्ठान बंद रख कर उनका समर्थन किया। पांडू के चिकित्सक आरके पांडेय ने बताया कि पांडू प्रखंड मुख्यालय में संचालित सभी दवा दुकान के अलावे ग्रामीण क्षेत्र में संचालित दवा दुकान भी संघ के समर्थन में बंद रखा गया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**उंटारी रोड :** प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में 10 वीं एवं 12 वीं के प्रखंड टॉपर छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाना था। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ श्रवण भगत उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में मुखिया अशोक सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य मो अजीम अंसारी तथा एसएमसी अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह शामिल थे। कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर शिक्षक वृहस्पत कुमार चौबे, सुनील कुमार, मुकेश कुमार शर्मा, अनिल प्रसाद, रणजीत कुमार गुप्ता, सहित कई छात्र छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे।

# गढ़वा रोड स्टेशन पर रेल दुर्घटना से निपटने को लेकर किया गया मॉक ड्रिल

बंशीधर न्यूज




**विश्रामपुर :** पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल अंतर्गत गढ़वा रोड रेलवे सुरक्षा बल की ओर से रेल दुर्घटना से निपटने को लेकर व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त धनबाद के निर्देशन तथा गढ़वा रोड आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी उमाकांत के नेतृत्व में संपन्न हुई। मॉक ड्रिल के दौरान गाड़ी संख्या 53611 के गढ़वा रोड स्टेशन पहुंचने के बाद उसके दुर्घटनाग्रस्त होने की काल्पनिक सूचना प्रसारित की गई। सूचना मिलते ही रेलवे के विभिन्न विभागों की टीम सक्रिय हो गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। अभ्यास के दौरान दुर्घटना में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने, घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने, अस्पताल भेजने से पूर्व जरूरी चिकित्सा सुविधा देने तथा राहत कार्य को त्वरित गति से संचालित करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल में रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी, स्टेशन प्रबंधन, कैरिज एंड वैगन, टेलीकॉम, सिग्नल एंड टेलीकॉम, इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिक विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य दुर्घटना की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा बेहतर ढंग से की जा सके।

## भाजपा का प्रखंड कार्यालय पर धरना



**विश्रामपुर :** हेमंत सरकार द्वारा किसानों से किये गये वादों को पूरा न करने और लगातार धोखा देने के विरोध में बुधवार को भाजपा के तत्वावधान में विश्रामपुर, पांडू, उंटारी रोड व नावा बाजार में प्रखंड सह-अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरना में शामिल लोग किसानों की ऋण माफी, धान का एमएसपी बढ़ाने, धान के बकाये राशि का भुगतान करने, समय पर खाद बीज व कृषि उपकरण उपलब्ध कराने, मुख्यमंत्री आशीर्वाद योजना पुनः चालू कराने सहित किसानों के अन्य कई प्रमुख मांग को पूरा करने की मांग कर रहे थे। विभिन्न वक्ताओं ने हेमंत सरकार को किसान विरोधी बताते हुये सभी बिंदुओं पर विफल रहने का ठीकरा सरकार पर फोड़ा। विश्रामपुर में ज्वला प्रसाद की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया था। इसी तरह अन्य प्रखंडों में भी वहां के मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप मढ़ रहे थे। कार्यक्रम में भाजपा के प्रभारी के साथ पार्टी के कई कार्यकर्ता व नेता शामिल थे।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी : मुक्तेश्वर

# श्री बंशीधर नगर में किंजा इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शुभारंभ

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** शहर के गर्ल्स हाईस्कूल के समीप बुधवार को किंजा नामक इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शुभारंभ किया गया।शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष साधाना देवी, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि प्रकाश बबलू, अल्पसंख्यक विभाग के विधायक प्रतिनिधि तस्लीम खान एवं युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि किंजा इलेक्ट्रॉनिक दुकान खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। अब मोबाईल एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी के लिये लोगों को दूसरे शहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लोग यहां आसानी से सामान की खरीददारी कर सकते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि प्रकाश बबलू ने कहा कि नगर क्षेत्र में इस तरह की आधुनिक दुकान खुलने से स्थानीय लोगों को विभिन्न कंपनियों के मोबाईल और इलेक्ट्रॉनिक सामान आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही इससे लोगों का समय और खर्च दोनों का बचत होगा। नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठान खुलने से क्षेत्र के व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा और लोगों को बेहतर सुबिधा मिलेगी। दुकान के प्रोपराईटर चांद ने बताया कि उनके यहां एक ही छत के नीचे सभी कंपनियों के मोबाईल एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिये फाईनेंस की व्यवस्था भी की गई है। मौके पर वार्ड पार्षद ओमप्रकाश चौबे, शकील अहमद, रंजन कुमार, लव मेहता, युवा समाजसेवी वीरेन्द्र कमलापुरी, अल्तमस खान, सद्दाम अंसारी, अजय प्रसाद, मौलाना एजाज अंजुम, निस्पत खान, फिरोज अंसारी, अरसद अंसारी, एजाज आलम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# कान्स 2026 में छाई अदिति राव हैदरी

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने 2026 के कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने खूबसूरत और सादगीभरे अंदाज से सभी का ध्यान खींचा है। रेड कार्पेट पर अदिति क्रीम रंग की बेहद स्टाइलिश ड्रेस में नजर आईं, जिसमें गले की तरफ पट्टियां और नीचे प्लेट्स वाली स्कर्ट थी। उनके इस खास लुक को स्टाइलिस्ट सानम रत्नासी ने तैयार किया था। अदिति का यह अंदाज कान्स में दिखने वाली आम चमक-धमक और भारी ग्लैमर से बिल्कुल अलग नजर आया। अपने लुक को और आकर्षक बनाने के लिए अदिति ने बोल्ड डिजाइन वाले गहनों का चुनाव किया, जिसने उनकी सादगी में और निखार जोड़ दिया। इससे पहले भी कान्स फिल्म फेस्टिवल में उनका एक और अलग अंदाज देखने को मिला था, जहां वह चमकीले हरे रंग के स्टाइलिश गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आई थीं। दोनों ही लुक सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने हुए हैं।

फिल्मों की बात करें तो अदिति राव हैदरी हाल ही में साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स' में नजर आई थीं। बिना संवाद वाली इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी सराहना हुई। कान्स में अदिति की मौजूदगी ने एक बार फिर भारतीय फैशन और सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर खास पहचान दिलाई है।

## 'ड्रैगन' के फर्स्ट लुक में दिखा एनटीआर का दमदार अंदाज




साउथ सुपरस्टार एनटीआर और निर्देशक प्रशांत नील की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ड्रैगन' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार फिल्म की पहली झलक जारी कर दी गई, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। 20 मई यानी बुधवार को एनटीआर के जन्मदिन के खास मौके पर रिलीज हुई इस झलक ने दर्शकों के उत्साह को और बढ़ा दिया है। फिल्म की पहली झलक में भव्य विजुअल्स, हाई-ऑक्टेन एक्शन और बड़े पैमाने का सिनेमाई ट्रीट देखने को मिला। मेकर्स का दावा है कि 'ड्रैगन' बड़े पर्दे पर एंटरटेनमेंट का नया स्तर तय करेगी। घोषणा के बाद से ही यह फिल्म लगातार चर्चा में बनी हुई है और फैंस हर अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इंडस्ट्री के बड़े नामों के साथ आने से फिल्म को लेकर उम्मीदें और भी ज्यादा बढ़ गई हैं। 'ड्रैगन' का निर्देशन प्रशांत नील कर रहे हैं, जबकि फिल्म में एनटीआर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस बड़े प्रोजेक्ट का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स के बैनर तले किया जा रहा है। यह फिल्म हिंदी समेत कुल पांच भाषाओं में रिलीज की जाएगी, जिससे इसे पैन इंडिया स्तर पर दर्शकों तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।

## पीएम मोदी की इटली यात्रा, रोम से साझा किए फोटो, 'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा' रहेगा चर्चा के केंद्र में



# खेती को बनाना होगा व्यवसाय, तभी किसान होंगे समृद्ध : डीसी

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** कृषि विभाग की ओर से बुधवार को टाउन हॉल में जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह जलवायु अनुकूल कृषि एवं सुखाड़ प्रबंधन विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किया। सेमिनार मे डीसी ने कहा कि बदलते मौसम और कम वर्षा की स्थिति में किसानों को खेती के पारंपरिक तरीके बदलकर आधुनिक तकनीक एवं व्यावसायिक सोच अपनानी होगी। उन्होंने कहा कि पलामू में सामान्य से कम बारिश और कम उपजाऊ भूमि किसानों के लिये चुनौती है, लेकिन सही तकनीक से इसे अवसर में बदला जा सकता है। उन्होंने किसानों को धान आधारित खेती से आगे बढ़कर ज्वार, मक्का, रागी, सोयाबीन एवं उड़द जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी। जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि किसान कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को प्राथमिकता दें तथा ड्रिप इरिगेशन एवं स्प्रिंकलर सिंचाई का उपयोग करें। उन्होंने अमरूद, बेर, शरीफा, बेल एवं पपीता जैसे फलदार पौधों की खेती को आमदनी का बेहतर स्त्रोत बताया। जिला मत्स्य पदाधिकारी मो कमरुज्जमा ने धान की खेती के साथ मछली पालन को लाभकारी बताया। वहीं जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी मुकेश गगराई ने तालाब किनारे नींबू, केला और मुनगा की खेती करने की सलाह दी। जिला उद्यान पदाधिकारी सावन कुमार ने उद्यानिकी खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रभाकर सिन्हा, वैज्ञानिक डॉ प्रमोद, जिले के सभी एटीएम-बीटीएम एवं सैकड़ों किसान उपस्थित थे। अंत में जिले के सभी प्रखंडों से आए प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।



## पंसस ने कहा, योजनाओं के भुगतान में कमीशन मांगते हैं मुखिया

**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जन समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को डीसी के समक्ष रखा और उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रवारित कर दिया। जन समाधान दिवस में नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम चौरा के पंचायत समिति सदस्य ने 15 वें वित्त आयोग वर्ष 2022-23 की योजना में भुगतान लंबित रहने एवं स्थानीय मुखिया द्वारा कमीशन मांगे जाने संबंधी शिकायत डीसी के समक्ष रखी। इसके अलावा मेदिनीनगर शहर के साहित्य समाज चौक निवासी दीपक कुमार ने रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। पड़वा प्रखंड निवासी अशोक साव ने एनएच-75 निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान नहीं किये जाने को लेकर आवेदन सौंपा। वहीं हुसैनाबाद वार्ड संख्या-16 निवासी रियाजुद्दीन अंसारी ने मोबिन आलम द्वारा घर का रास्ता अवरुद्ध किये जाने की शिकायत दर्ज कराई। जन समाधान दिवस के दौरान अन्य मामलों से संबंधित आवेदन पर उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित बीडीओ एवं सीओ से दूरभाष पर संपर्क कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## युवाओं की बैठक में नशा व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्णय



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय के गोसाईबाग मोहल्ले के युवाओं व स्थानीय लोगों ने नशा और उससे उत्पन्न सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। मंगलवार को मुहल्ले की आयोजित बैठक में शराब पीने, बनाने व बेचने का विरोध करने का सामूहिक निर्णय लिया गया। लोगों ने कहा कि नशे के कारण समाज में घरेलू कलह, आपसी विवाद व अपराध जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। इसकी रोकथाम के लिये मोहल्लेवासियों ने कई बार थाना पुलिस को भी सूचना दी थी। लेकिन रोकथाम नहीं होने की स्थित में मोहल्ले वासियों ने खुद पहल आरंभ कर दिया है। बैठक में अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के लिये 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष उमेश कुमार तथा सचिव उदय राम को मनोनीत किया गया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता रामकिशन राम, अनूज चंद्रवंशी व मुन्ना पासवान को संरक्षक बनाया गया। बैठक के अंत में रामकिशन राम ने उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान मोहल्ले के लोगों ने जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार, रवींद्र कुमार, अरविंद पासवान, मुरली राम, दशरथ राम, अजीत कुमार, अमरेश, नीरज, मिथुन सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## मैं इटली के रोम शहर में पहुंच गया हूं : मोदी




**रोम (इटली)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को पांच देशों की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर इटली की राजधानी रोम पहुंचे। आज स्वदेश रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी इतालवी राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला से शिष्टाचार भेंट करेंगे और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसके अलावा अन्य उच्चस्तरीय राजनयिक कार्यक्रमों में भी उनकी भागीदारी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, इटली यात्रा का अहम मकसद 'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा' पर चर्चा करना भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करीब सात घंटे पहले अपने एक्स हैंडल पर रोम पहुंचने की जानकारी और चार यादगार फोटो साझा किए हैं। उन्होंने लिखा है, " मैं इटली के रोम शहर में पहुंच गया हूं। मैं राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला और प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से मिलूंगा और उनके साथ चर्चा करूंगा। इस दौरे का मुख्य जोर भारत और इटली के बीच सहयोग को मजबूत करने पर होगा, जिसमें 'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा' (आईएमईसी) पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 की भी समीक्षा की जाएगी। मैं संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के मुख्यालय का भी दौरा करूंगा। इससे बहुपक्षवाद और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इटली की राजधानी पहुंचने पर प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने एक्स पर लिखा, रोम में आपका स्वागत है, मेरे दोस्त! उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा दोनों देशों के बीच तेजी से मजबूत हो रहे रणनीतिक साझेदारी के बीच हो रहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी जून 2024 में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने इटली गए थे। प्रधानमंत्री मोदी की इटली के शीर्ष नेतृत्व से इस गलियारे पर चर्चा होनी है।

### सड़क हादसे में जान बचाने वाले 8 गुड सेमेरिटीन को डीसी ने किया सम्मानित

# अपने कार्यालय कक्ष में सभी को सौंपा 2000-2000 रुपये के चेक

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले 8 गुड सेमेरिटीन (नेक व्यक्तियों) को सम्मानित किया गया। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में इन्हें दो-दो हजार रुपये का चेक सौंपकर सम्मानित किया। मौके पर डीसी ने कहा कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद करना सबसे बड़ा मानवता का कार्य है। ऐसे लोगों को सम्मानित करना प्रशासन के लिये गर्व की बात है। उन्होंने सभी सम्मानित व्यक्तियों की सराहना करते हुये कहा कि उनकी तत्परता और संवेदनशीलता के




कारण कई लोगों की जान बच सकी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को पुलिस केस समझकर नजरअंदाज न करें। गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने से किसी की जान बचायी जा सकती है। सरकार द्वारा गुड सेमेरिटीन योजना के तहत मदद करने वाले लोगों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि आमजन आगे आएं, मानवता का परिचय दें और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। सम्मानित होने वाले गुड सेमेरिटीन में गुलाम मुस्तफा, बसंत कुमार, अशोक कुमार यादव, संजीव कुमार चंद्रवंशी, जफर इमाम, विजय पांडेय, पवन कुमार एवं आलोक पटेल शामिल हैं। उस मौके पर डीटीओ जितेंद्र यादव भी मौजूद थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)